बहुसंस्कृतिवाद, स्वदेशी और समावेशन अनुदान कार्यक्रम

अवलोकन

बहुसंस्कृतिवाद, स्वदेशी और समावेशन अनुदान कार्यक्रम (कार्यक्रम) [Multiculturalism, Indigenous and Inclusion Grant Program (the Program)] अंतरसांस्कृतिक जागरुकता एवं समझ का निर्माण करके बहुसंस्कृतिवाद और समावेशन को बढ़ावा देने वाली पहलों और परियोजनाओं को समर्थन देता है। यह कार्यक्रम पूरे प्रांत-भर में समुदायों के बीच परस्पर सांस्कृतिक जागरुकता को बढ़ावा तथा एल्बर्टा के स्वदेशी और बहुसांस्कृतिक समाज की सराहना करने और आनंद उठाने को प्रोत्साहन देता है। यह कार्यक्रम एक ऐसे प्रांत का निर्माण करने के लिए प्रयासरत है, जहाँ लोगों को अपने समावेशन और अपनी संस्कृति व विरासत को मूल्य दिए जाने का आभास होता है।

दो अलग-अलग निधीकरण धाराएँ उपलब्ध हैं:

- बहुसंस्कृतिवाद और समावेशन
- स्वदेशी

**ध्यान दें: दोनों निधीकरण धाराएँ बहुसंस्कृतिवाद और समावेशन अनुदान कार्यक्रम के दिशानिर्देशों एवं आवेदन और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगी। आवेदक जिस निधीकरण धारा के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें अपने आवेदन-पत्र पर उस धारा की पहचान करने के लिए कहा जाता है।*

निधीकरण

निधीकरण की अधिकतम धनराशि $ 25,000 है

मिलान की आवश्यकताएँ:
कार्यक्रम के निधीकरण को मिलान के आधार पर स्वीकृत किया जाता है। परियोजना के व्यय के लिए आवेदक को अनुदान के लिए निवेदन की गई धनराशि के बराबर या इससे अधिक धनराशि का योगदान करना होगा।

मिलान का निधीकरण नकदी, श्रमदान ($20/घंटे अकुशल, $35/घंटा कुशलता-प्राप्त), और/या दान में दी गई सामग्री/सेवाओं (समुचित बाज़ार मूल्य पर सत्यापित), या इनके संयोजन के रूप में हो सकता है, जो सभी परियोजना से सीधे संबंधित हों।

पात्र संगठन

- निम्नलिखित अधिनियमों में से किसी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत तथा अच्छी पदस्थिति में सामुदायिक संगठन:

  प्रांतीय कानून (एल्बर्टा)
  - *कृषि समिति अधिनियम*
  - *व्यापार निगम अधिनियम* अनुभाग 21 - प्रांतेतर निगम*
  - *कंपनियाँ अधिनियम*, अनुभाग 9 (गैर-लाभकारी कंपनियाँ)
  - *पुस्तकालय अधिनियम*
  - *एल्बर्टा समितियाँ अधिनियम*
  - एल्बर्टा विधानमंडल के विशेष अधिनियम

  संघीय कानून
  - कनाडा संसद का विशेष अधिनियम
  - (कनाडा का) *आयकर अधिनियम* (और एल्बर्टा प्रांत में कार्यरत (दानार्थ संस्थाएँ))
- एल्बर्टा में प्रथम राष्ट्र या मेटिस बस्ती
- एल्बर्टा के *माध्यमिकोत्तर शिक्षण अधिनियम* के अंतर्गत परिभाषित विश्वविद्यालय, कॉलेज, या संस्थान

**एल्बर्टा-आधारित पता होना चाहिए, जिसकी संगठन के किसी सक्रिय सदस्य द्वारा नियमित रूप से निगरानी किया जाना आवश्यक है।*

कार्यक्रम के परिणाम

परियोजनाओं को कार्यक्रम के एक या एकाधिक परिणामों को पूरा करना होगा:

- एल्बर्टावासियों को अलग-अलग सँस्कृतियों और/या अंतरसांस्कृतिक समझ प्राप्त होती है
- एल्बवासियों को भेदभाव के प्रभावों के बारे में जानकारी मिलती है और वे बाधाओं को कम करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करते हैं
- एल्बर्टावासी विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों का आनंद उठाते हैं और स्वागतमय तथा समावेशी समुदाय निर्मित करते हैं
- एल्बर्टावासियों को अपनी संस्कृति और विरासत को मूल्य दिए जाने का आभास होता है

©2021 Government of Alberta | Published: June 2021
Classification: Public

परियोजनाओं के प्रकार

- **प्रशिक्षण और शिक्षा**, जिसमें सांस्कृतिक जागरुकता को प्रोत्साहन देने वाली पहलें और/या एल्बर्टावासियों को इनके माध्यम से समाज में व्यक्ति-विशेषों के संपूर्ण प्रतिभाग में भेदभाव के अवरोध-रूपी प्रभाव को समझाना शामिल है:
    - कार्यशालाएँ, गोलमेज, सम्मेलन, सामुदायिक चर्चाएँ, सामाजिक मीडिया पहलें, समुदाय के उपयोग के लिए संसाधन या उपकरण जैसी गतिविधियाँ।
- विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में **क्षमता निर्माण:**
    - आशाजनक प्रथाओं, अनुसंधान और जानकारी का साझाकरण
    - बहुसंस्कृतिवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और समावेशन के समर्थन के उद्देश्य से कार्यनीतियों का विकास
    - इन पहलों या कार्यक्रमों की सुलभता में आने वाले अवरोधों को दूर करने के उद्देश्य से वर्तमान पहलों और कार्यक्रमों का आकलन
    - सामुदायिक समर्थकों, विशेषज्ञों/वयोवृद्धों, और परियोजना में भागीदारों की संलग्नता।
- इस प्रकार के सामुदायिक आयोजनों के माध्यम से **सांस्कृतिक जागरुकता को प्रोत्साहन**, जो सक्रिय रूप से विविधतापूर्ण लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं और एल्बर्टा के स्वदेशी एवं बहुसांस्कृतिक ताने-बाने में आनंदित महसूस करते हैं।

  निम्नलिखित प्रदर्शित करने वाले सामुदायिक आयोजनों पर विचार किया जाएगा:
    - आयोजन के विकास और वितरण में एक से अधिक सांस्कृतिक समूहों की भागीदारी, ताकि समावेशन को प्रोत्साहित और प्रदर्शित किया जा सके
    - समुदाय में विविधता के बारे में लोगों में और अधिक जागरुकता और समझ का निर्माण करने वाले आयोजन
    - अन्य संस्कृतियों को आयोजन में भाग लेने के लिए सक्रियात्मक रूप से प्रोत्साहन
    - आम जनता की उपस्थिति के लिए प्रावधान।

~~ऐसी परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी:~~

- जो दिशानिर्देशों के मानकों को सबसे अच्छी तरह से पूरा करते हैं
- जिनका वार्षिक परिचालन बजट $500,000 से कम है
- जिन्हें पहले एल्बर्टा सरकार से निधीकरण नहीं मिला है
- जो परियोजना के विकास, वितरण और अनुवर्ती कार्यवाही में अन्य विविधतापूर्ण समुदायों के साझेदार संगठनों की भागीदारी प्रदर्शित करती हैं।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

प्रस्तुति जमा करने की समय-सीमाएँ:

- प्रस्तुति जमा 1 - मार्च 1
- प्रस्तुति जमा 2 - सितंबर 1

अधिसूचना तिथियाँ-

- प्रस्तुति जमा 1 - अगस्त
- प्रस्तुति जमा 2 - फरवरी

प्रस्तुति जमा करने से पहले

कृपया वेबसाइट alberta.ca/multiculturalism-indigenous-and-inclusion-grant-program.aspx पर बहुसंस्कृतिवाद, स्वदेशी और समावेशन कार्यक्रम के दिशानिर्देशों व आवेदन समर्थन उपकरण (Application Assistance Tool) को देखें। आवेदन समर्थन उपकरण (Application Assistance Tool) आवेदन लिखने के लिए सुझाव, जांचसूची के विवरण, परिभाषाएँ, और परियोजनाओं के उदाहरणों से संबंधित जानकारी प्रदान करता है।

आवेदन जमा करें

ईमेल (प्राथमिकता के रूप में): MIIGProgram@gov.ab.ca

डाक:

Multicultural, Indigenous and Inclusion Grant Program
Alberta Culture, Multiculturalism and Status of Women
Suite 212, 17205 – 106A Avenue
Edmonton, Alberta T5S 1M7

संपर्क जानकारी

टोल-फ्री लाइन: 1-800-642-3855

वेबसाइट: alberta.ca/multiculturalism-indigenous-and-inclusion-grant-program.aspx

©2021 Government of Alberta | Published: June 2021

Classification: Public